भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 519
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

असम में हवाई अड्डों का निर्माण

519. श्री गौरव गोगोई:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम में सभी मौजूदा हवाई अड्डों पर चल रही निर्माण और आधुनिकीकरण परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) असम में विकासाधीन प्रत्येक हवाई अड्डे के लिए निर्धारित विशिष्ट अवसंरचना सुधारों का ब्यौरा क्या है;

(ग) असम में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए चिन्हित विशिष्ट स्थानों के नाम क्या हैं;

(घ) सरकार द्वारा असम में ब्राउनफील्ड हवाई अड्डों के विकास में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) असम में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड हवाई अड्डा विकास परियोजनाओं के लिए अब तक किए गए निवेश में कितनी कमी आई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ): हवाईअड्डों का उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है और यह कार्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) एवं अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारणों, यातायात की माँग/ एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों से/के लिए परिचालन करने की इच्छा के आधार पर किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने डिब्रूगढ़ हवाईअड्डे पर एटीसी टावर सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण और सिलचर सिविल एन्क्लेव में टर्मिनल बिल्डिंग का पुनर्गठन किया है। संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा 1712 करोड़ रुपये की लागत से एक नए एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण सहित गुवाहाटी हवाईअड्डे पर विस्तार कार्य भी शुरू किया गया है। ये कार्य पूर्ण होने के विभिन्न चरणों में हैं। भारत सरकार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को असम के डोलू, कछार में एक घरेलू ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए फरवरी 2024 में साइट क्लीयरेंस प्रदान की है।

*****